आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

मानसून वर्षा

प्रदेश में मानसून की वर्षा का क्रम लगातार जारी है। इस वर्षा से जहां अभी तक राज्य को करोड़ों रूपए की संपत्ति का नुकसान पहुंचा है वहीं जानमाल को भी भारी नुकसान हुआ है। अधिकतर नदी–नाले उफान पर हैं और बांधों का जलस्तर भी बढ़ रहा है, जिसके चलते लोगों व पर्यटकों को यात्रा से पहले भूस्खलन की आशंका वाले क्षेत्रों व उन जगहों से दूर रहने की सलाह दी गई है जहां अचानक जलस्तर बढ़ सकता है। राज्य आपदा परिचालन केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित 3 सौ 95 सड़कें अभी भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं जबकि 6 सौ 69 बिजली ट्रांसफार्मर व 5 सौ 29 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। इस मानसून सीजन में अब तक वर्षा जनित घटनाओं में 2 सौ 29 लोगों की मौत हो चुकी है जिसमें सर्वाधिक वर्षा प्रभावित मंडी जिला में अभी तक 44 लोगों की मौत हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 15 अगस्त तक राज्य के अलग–अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

11 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। 12 अगस्त को ये संभावना है कि कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके बाद 13 व 14 अगस्त को कुल्लू, मंडी, सोलन, शिमला व सिरमौर में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट है। तो ओवर ऑल जो वैदर है 11 से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। अगस्त माह की बात करें तो पूरे प्रदेश में इस महीने 16 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है।

स्क्रब टाइफस

हिमाचल प्रदेश में स्क्रब टाइफस के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। बीते कल आईजीएमसी शिमला में स्क्रब टाइफस के तीन नए मामले सामने आए हैं, जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि यदि किसी को तेज बुखार, शरीर में दर्द या दाने जैसे लक्षण दिखाई दें तो वे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच करवाएं। ये बीमारी पिसू के काटने से फैलती है जो आमतौर पर खेतों, घास के मैदानों और बागीचों में पाए जाते हैं। गौरतलब है कि स्क्रब टाइफस से अभी तक प्रदेश में तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

तिरंगा यात्रा

प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 15 अगस्त तक अनेक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। अभियान के तहत 13 अगस्त को भाजपा शहीद व स्वतंत्रता सैनानियों के स्मारकों पर सफाई अभियान चलाएगी जबकि 14 अगस्त विभाजन विभिषिका के रूप में मनाया जाएगा। इसी तरह 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहरया जाएगा। अभियान के तहत आज प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में तिरंगा वितरण व राष्ट्रीय अभियान के प्रति देशभक्ति जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस है ये दिवस हर वर्ष 12 अगस्त को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विश्वभर में युवाओं से संबंधित मुद्दों, चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करना और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय विकास में बढ़ावा देना है। इस मौके पर आज शिमला में ज्ञान–विज्ञान समिति द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

इंदु गोस्वामी

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में पर्यटन ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2024–25 के दौरान स्वदेश दर्शन योजना के तहत माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के विकास के लिए 56 करोड़ 26 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की है। ये बात उन्होंने संसद में राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में कही। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि बीते वित्त वर्ष के दौरान चैलेंज बेस्ड डैस्टिनेशन डवैलपमेंट के अंतर्गत लाहौल–स्पीति ज़िला के काज़ा उपमण्डल में पर्यटन ढांचा विकसित करने के लिए 24 करोड़ 82 लाख जबकि रकछम–छितकुल के लिए 4 करोड़ 96 लाख की राशि मंजूर की गई।

मणिमहेश यात्रा

चंबा जिला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी से शुरू होने वाली पवित्र व धार्मिक मणिमहेश यात्रा के दृष्टिगत अपनी परंपरा निभाते हुए जम्मू राज्य से छड़ी यात्रा के रूप में श्रद्धालुओं का एक जत्था चंबा मुख्यालय पहुंच चुका है। जत्थे में शामिल श्रद्धालु जन्माष्टमी पर्व पर पवित्र मणिमहेश झील में स्नान

करेंगे। ये श्रद्धालु भरमौर, भरमाणी, हड़सर, धन्छो और गौरीकुंड होते हुए मणिमहेश डलझील पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं ने कहा कि मणिमहेश में भगवान शिव का वास है और वे शिव से जो भी मांगते हैं उनकी मनोकामना पूरी होती है।

मणिमहेश जा रहे हैं बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए और बहुत खुश रहते हैं हम। बाबा भोलेनाथ जी बहुत कुछ देते हैं और छड़ी लेकर आए हैं हम।

आधार प्रमाणीकरण प्रणाली

आधार चेहरा प्रमाणीकरण प्रणाली ने 10 अगस्त, 2025 तक दो अरब लेनदेन का आंकड़ा पार कर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। केवल छह महीनों में लेनदेन की संख्या एक अरब से दोगुनी हो गई है।